वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा-2021 का शुभारंभ

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में विगत वर्षों की भाँति राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 01 से 14 सितंबर, 2021 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 01 सितंबर 2021 को प्रातः 10.00 बजे हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ किया गया जिसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के उदघाटन सत्र में हिन्दी अनुभाग के सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री शंकर शर्मा ने संस्थान के कुलसचिव श्री एस.के. थॉमस, व.अ.सं. सहित उपस्थित प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडल के सम्मानीय सदस्यों का स्वागत किया। स्वागत सम्बोधन के उपरांत श्री एस.के. थॉमस, व.अ.सं, कुलसचिव महोदय ने अपने संबोधन में राजभाषा हिन्दी के महत्व पर ज़ोर देते हुए प्रतिभागियों से प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का संचालन डी.पी. खली, वैज्ञानिक-जी, डॉ. पी.एस. रावत, वैज्ञानिक-एफ़ ने किया।

संस्थान में पखवाड़े की शेष अन्य प्रतियोगिताएं जैसे कि " टिप्पण एवं प्रारूप लेखन " दिनांक: 03-09-2021, "हिन्दी टंकण" दिनांक: 07-09-2021, "भाषण प्रतियोगिता " दिनांक : 09.09.2021, "स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता" दिनांक : 10.09.2021 को आयोजन किया जाएगा एवं पुरस्कार विजेताओं को दिनांक 14.09.2021 को हिन्दी दिवस के दिन पुरस्कृत किया जाएगा।

Shot on realme C25